# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बाँदा (उ०प्र०)

(पूर्ववर्ती डॉ० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बाँदा)

## प्रशासकीय परिषद की चौदहवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | चौदहवीं |
| दिनांक | : | 15 जुलाई, 2025 |
| दिन | : | मंगलवार |
| समय | : | अपरान्ह 02:00 बजे |
| स्थान | : | मा० मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग के उ०प्र० सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष संख्या 86 |
| माध्यम | : | ऑनलाइन/ऑफलाइन |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की चौदहवीं बैठक माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 15 जुलाई, 2025 दिन मंगलवार को माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग के उ०प्र० सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष संख्या 86 में सम्पन्न हुयी। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री आशीष पटेल,<br>माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री नरेन्द्र भूषण,<br>अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो० जे० पी० पाण्डेय,<br>माननीय कुलपति,<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो० विनय कुमार पाठक,<br>प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर, वर्तमान माननीय कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो० एस० पी० चौरसिया,<br>प्रोफेसर, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो० कुमार वैभव श्रीवास्तव,<br>प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो० आर० पी० एस० गंगवार,<br>प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग,<br>गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर- उत्तराखंड | सदस्य |
| 8. | श्री अविनाश कृष्ण सिंह,<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 9. | श्री विनोद कुमार,<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 10. | श्री प्रभाकर चन्द्र मिश्र,<br>संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 11. | श्री कृष्णा नन्द दुबे,<br>अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा विभाग, अनुभाग-01, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | विशेष आमंत्री |
| 12. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल,<br>निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा। | सदस्य सचिव |

| मद सं० | मद का विवरण |
|---|---|
| 14:01 | **संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 05.02.2025 को सम्पन्न हुयी तेरहवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 05.02.2025 को सम्पन्न हुयी तेरहवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 14:02 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 05.02.2025 को सम्पन्न हुयी तेरहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनांक 05.02.2025 को सम्पन्न हुयी तेरहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर अव तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी। |
| 14:03 | **वित्त समिति की सोलहवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>संस्थान की वित्त समिति की सोलहवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 14:04 | **संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की आठवीं एवं नौवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की आठवीं एवं नौवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 14:05 | **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की इक्कीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**<br>संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की इक्कीसवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 14:06 | **शासन द्वारा वित्त पोषित समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों/अभियन्त्रण संस्थानों हेतु मॉडल बायलॉज ड्राफ्ट को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन।**<br>प्रशासकीय परिषद द्वारा समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों/अभियन्त्रण संस्थानों हेतु मॉडल बायलॉज ड्राफ्ट को अंगीकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया कि उक्त बायलॉज में आदि कोई संशोधन अपेक्षित हो तो संशोधन की प्रति शासन को भी उपलब्ध कराई जाये। |

| | |
|---|---|
| 14:07 | **संस्थान में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष प्रत्येक बी०टेक० कोर्स में प्रदान की जाने वाली मेरिट छात्रवृत्ति को रू० 3100.00 से बढ़ाकर रू० 10,000.00 किये जाने हेतु सूचना एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**<br>संस्थान में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रति वर्ष प्रत्येक बी०टेक० कोर्स में प्रदान की जाने वाली मेरिट छात्रवृत्ति को रू० 3100.00 से बढ़ाकर रू० 10,000.00 किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 14:08 | **संस्थान में मानव सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत्त मानवशक्तियों के प्रारिश्रमिक निर्धारण किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**<br>संस्थान में मानव सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत्त मानवशक्तियों के प्रारिश्रमिक निर्धारण किये |

| | |
|---|---|
| | जाने के संबंध में परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त के संबंध में सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम विभाग (MSME) द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों/ प्राविधानों के आलोक में अग्रतर आवश्यक कार्यवाही करायी जाये। कालांतर में यदि शासन स्तर से सेवा प्रदाता के माध्यम से दी जा रही मानवशक्तियों हेतु जो भी सेवा शर्तें, पारिश्रमिक निर्धारित किया जायेगा उसे ही संस्थान में लागू किया जायेगा। |
| 14:09 | **संस्थान में नियमित शिक्षकों के कैरियर उन्नयन योजना के अन्तर्गत पदोन्नति हेतु स्क्रीनिंग समिति में किसी अन्य तकनीकी संस्थान के नियमित कुलसचिव को नामित किये जाने हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।**<br>वर्तमान में निर्गत मॉडल वायलॉज के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जाये तथा अन्य संस्थानों की भांति समुचित प्रस्ताव प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जायेगा। |
| 14:10 | **संस्थान को आबंटित अतिरिक्त 4.108 हेक्टेयर भूमि का उपयोग करते हुये विकास योजना बनाने के सम्बन्ध में।**<br>संस्थान द्वारा प्रस्तुत विकास योजना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी। माननीय परिषद द्वारा संस्थान के मुख्य परिसर के नजदीक भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारी बाँदा से वार्ता करने के लिये कहा गया। |
| 14:11 | **संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया-कलापों की सूचना।**<br>संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया-कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी। |

| | |
|---|---|
| 14:12 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।**<br>अन्य किसी मद पर विचार नहीं किया गया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुयी।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(श्री नरेन्द्र भूषण)
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(श्री आशीष पटेल)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा